समापन भाषण

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा का त्रयोद्श सत्र दिनांक 25 नवम्बर, 2024 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 29 नवम्बर, 2024 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल पाँच बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 25 नवम्बर, 2024 को बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-203, रामगढ़ उप-निर्वाचन से निर्वाचित सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह, निर्वाचन क्षेत्र संख्या-227, इमामगंज उप-निर्वाचन से निर्वाचित सदस्या श्रीमती दीपा कुमारी, निर्वाचन क्षेत्र संख्या-232, बेलागंज उप-निर्वाचन से निर्वाचित सदस्या श्रीमती मनोरमा देवी द्वारा शपथ लिया गया । उसी दिन प्रभारी मंत्री वाणिज्यकर विभाग द्वारा माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2024 सदन पटल पर रखा गया एवं सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित 07 (सात) विधेयकों का एक विवरण सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखा गया तथा प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण को सदन में उपस्थापित किया गया । कुल-08 (आठ) जननायकों के निधन के प्रति शोक-प्रकाश किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ।

दिनांक 26 नवम्बर, 2024 को बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-196, तरारी उप-निर्वाचन से निर्वाचित सदस्य श्री विशाल प्रशांत द्वारा शपथ लिया गया ।

दिनांक 27 नवम्बर, 2024 को भारत के संविधान के संस्कृत एवं मैथिली में अनुवाद किये जाने एवं उसका विमोचन संविधान दिवस के दिन भारत के महामहिम राष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने पर सदन की ओर से भारत सरकार को धन्यवाद दिए जाने के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के प्रस्ताव पर सदन की सर्वसम्मत सहमति हुई ।

दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद-152(2) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक से प्राप्त बिहार बिहार सरकार का वर्ष 2016-22 का "लोक स्वास्थ्य आधारभूत संरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन" की प्रति सदन पटल पर रखी गई । साथ ही उक्त प्रतिवेदन को लोक लेखा समिति द्वारा विचार किये जाने के पूर्व जनता में बिक्री के लिए प्राप्य होने के प्रस्ताव पर सदन की सहमति हुई । उसी दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित समाज कल्याण विभाग के अनुदान की माँग पर वाद-विवाद हुआ तथा सरकार के उत्तर के बाद माँग स्वीकृत हुई एवं शेष माँगे गिलोटीन (मुखबंध) के माध्यम से स्वीकृत हुई । तत्पश्चात संबंधित विनियोग विधेयक भी स्वीकृत हुआ ।

इस सत्र में निम्न राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली :

1) बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024.
2) बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक, 2024.
3) बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली) (संशोधन) विधेयक, 2024.
4) बिहार खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024.
5) बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2024.

सत्र के दौरान कुल-964 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 809 प्रश्न स्वीकृत हुए । इन स्वीकृत 809 प्रश्नों में 29 अल्पसूचित प्रश्न थे जिनमें 28 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए । कुल-681 तारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए जिनमें 664 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए, साथ ही 99 प्रश्न अतारांकित हुए ।

इस सत्र में कुल-103 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 08 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए, 85 सूचनाएँ लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये तथा 10 अमान्य हुए ।

इस सत्र में कुल–154 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 151 स्वीकृत हुए एवं 03 अस्वीकृत हुए । कुल–112 याचिकाएँ प्राप्त हुईं, जिनमें 100 स्वीकृत एवं 12 अस्वीकृत हुई । इस सत्र में कुल–98 गैर सरकारी संकल्प की सूचना पर सदन में चर्चा हुई ।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल के माध्यम से जनहित के कतिपय मामले उठाये गये एवं विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन, नियमावली, अधिसूचना की प्रति तथा बिहार विधान सभा के विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गये ।

माननीय सदस्यगण, सत्र के संचालन में सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रीगण, माननीय मंत्रीगण, माननीय नेता विरोधी दल, सभी दलीय नेताओं के साथ ही पक्ष–प्रतिपक्ष के आप सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ ।

समाचार प्रेषण में पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही सफलता से ले जाने का कार्य किया, इस हेतु उन्हें भी मैं साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित पुलिस बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वह्न किया है इसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं ।

माननीय सदस्यगण क्रिसमस एवं नव वर्ष 2025 के शुभागमन की बेला में मैं आप सभी माननीय सदस्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ तथा नया वर्ष प्रदेश की जनता के लिए सुख समृद्धि लेकर आए और आप सभी का जीवन सुखमय हो, इसके लिए शुभकामना देता हूँ ।

अध्यक्ष: **माननीय सदस्यगण, अब बिहार राज्य गीत होगा । कृपया अपने–अपने स्थान पर खड़े हो जाएं ।**

अध्यक्ष: **अब सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित की जाती है ।**